अनुभव हिंदी क्लब

हिंदी क्लब का लक्ष्य : हिंदी भाषा का विकास, भाषा के प्रति जागरूकता मौखिक और लिखित भाषा के विकास के साथ ही साथ बच्चों के नैतिक और मानवीय मूल्यों का विकास ही क्लब का मुख्य लक्ष्य है।

गतिविधियाँ : क्लब के कार्यक्रमों को विद्यालय के प्रांगण में सप्ताह में एक दिन निर्धारित दिन में कराया जाता है जिसमें सभी हिंदी शिक्षिकाएँ और बच्चे सम्मिलित होते थे। इस दौरान बहुत सारे गतिविधियों को क्लब में शामिल किया गया। “चार्ट बनाना” जिससे उनकी रचनात्मक, बौधिक क्षमता का विकास हुआ। “वार्तालाप” गतिविधि जिसमें सभी बच्चों ने दिए गए विषय पर अपना मत रखकर अपनी कल्पनाशक्ति, वार्तालाप कौशल और विषय के प्रति जानकारी का परिचय दिया। इस दौरान बच्चों ने “स्वच्छ भारत” नाटक का प्रस्तुतिकरण किया, जिसे बच्चों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक विद्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया और स्वच्छ भारत अभियान के कार्यक्रम को अपनाने ही अपील की। बच्चोंने अभिनय के साथ-साथ चार्ट बनाया, कुछ ने नाटक सही रूप से संचालित हो इसका पूरा-पूरा ध्यान रखा।

निष्कर्ष : बच्चों को उचित मौका, समय और स्वतंत्रता देने का हिंदी क्लब ने अपना लक्ष्य रखा ताकि वे अपने ज्ञान, सूझ-बूझ तथा कल्पना से ऊँची उडान भर सके। क्लब का प्राथमिक उद्देश्य था कि बच्चों का सर्वांगीण, बौद्धिक विकास हो सके ।